
खबर संक्षेप



## दुर्गा मंदिर में काल भैरव की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**नवापारा-राजिम।** नगर के वार्ड क्रमांक 14 लटर्रापारा के सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर में काल भैरव की प्राण प्रतिष्ठा किया गया। सुबह से ही मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा पाठ, शाम को सुंदरकांड का पाठ एवं माता सेवा व प्रसाद का वितरण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा में पुजारी सहित भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल थे।

## तुमगांव के भोरिंग चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे



**महासमुंद।** तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व मुख्य नगर पालिका अधिकारी खीरसागर नायक व समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रयास से अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा व शांति के लिए अनेक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा भी लगवाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के मुख्य चौराहा भोरिंग चौक में 7 नग सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया। पार्षद धर्मेंद्र यादव ने बताया कि शीघ्र ही नगर के भाठापारा, बगला पारा और सभी सार्वजनिक स्थानों पर नगर की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाएगा।

## जिले से 158 तीर्थयात्रियों का जत्था आज होगा रवाना

**महासमुंद।** राज्य सरकार द्वारा संचालित रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले से चयनित 158 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना होगा। यह योजना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और नागरिकों को भगवान राम के पवित्र धाम अयोध्या के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई है। जिला नोडल अधिकारी के अनुसार, चयनित तीर्थयात्रियों में 88 ग्रामीण क्षेत्रों और 65 नगरीय निकायों से हैं। इनके साथ 5 एस्कॉट अधिकारी भी यात्रा का हिस्सा होंगे। यह यात्रा न केवल धार्मिक अनुभव प्रदान करेगी, बल्कि अयोध्या की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को भी समझने का अवसर देगी। चयनित यात्रियों का यह समूह 25 नवंबर 2024 को अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने यात्रा की सफलतापूर्वक योजना और संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसमें यात्रा के दौरान उनकी स्वास्थ्य सेवाओं और ठहरने की उचित व्यवस्था शामिल है। विदित हो कि रामलला दर्शन योजना राज्य सरकार का एक अभिनव प्रयास है, जिसका उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देकर नागरिकों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है।

### निधन

#### सुन्दर बघेल



**मैनपुर।** ग्राम जाडापदर निवासी एंव गंगाजमुना शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुन्दर बघेल उम्र 60 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

लोकार्पण : रोहिना में सतनामी समाज के 9 लाख के विकास कार्य का हुआ लोकार्पण

# भाजपा की साय सरकार किसानों के हित में कर रही कार्य : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत रोहिना के तत्वावधान में सतनामी समाज के विकास में 9 लाख रुपए की विकास निर्माण कार्य का लोकार्पण गुरूवार को किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब उपाध्यक्ष विधायक आरंग, अध्यक्षता रोहित साहू विधायक राजिम, विशिष्ठ अतिथि तुलेश्वर घृतलहरे अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा होली लाल साहू, जनपद सदस्य होमन साहू , सरपंच रोहिना, भाजपा नेता पुर्व सरपंच रामाधार साहू, सरपंच रोबा मंगलू राम साहू, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, पूर्व सरपंच बिजली मोती राम निषाद, जनपद सभापति प्रतिनिधि गजेन्द्र कीर्ति निषाद थे।

■ लेन देन की शिकायत मिली तो होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्व में सभी समुदायों को सम्मान, अवसर और अधिकार मिला है। कहा की हर गरीब परिवार के लिए अवसंरचना का निर्माण जिसमें हर परिवार नल से जल, हर गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना मिल रहा है। इसके लिए कलेक्टर को स्पष्ट निर्देश है। आवास के नाम किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक को फुटी कौड़ी नहि देना है। किसी गरीब से लेन देन की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी। वंचितों के लिए समाजिक सुरक्षा योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना साथ ही प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशानिर्देश पर मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश के सभी उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत किसानों की धान को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जा रहा है। जिसका भुगतान 72 में किया जा रहा है। 31 सौ प्रति क्विंटल और प्रति एकड़ 21 क्विंटल लिया जा रहा है।





### बाबा के बताए मार्ग पर चलने से जीवन सुधर जायेगा

वहीं खुशवंत साहेब ने कहा की बाबा के बताए मार्ग पर चलने से जीवन सुधर जायेगा। मानव समाज दुर्व्यसन का त्याग हो, शिक्षा पर अधिक ध्यान हो तभी समाज सुसंस्कार होगा। सरपंच की मांग पर 10 लाख की टीना शेड घोषणा और जोडा जैतखाम के लिए 5 लाख की घोषणा किया गया। इससे पहले अतिथिगणों का बालिक पंथी नृत्य, फटाका फोड़कर और मंच में फूलमाला से स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रीति टोण्डे, निर्मला बाई, योगलाल, डोमेश्वरी, डोमेन्द्र, टिकेश्वरी, फगुवा प्रेमीन बाई, उमा बाई, उर्वशी बाई, पुरन लाल, पुण्या दीदी, खम्हन, फूलवाई, पंचराम यादव, संतोषी, गेंदराम, बंशीराम साहू, बुध अध्यक्ष 169 डीन्जुराम साहू, दयाराम, हीरालाल, मिलाप, विनोद, नोहर गजाधर, पिली बाई साहू, मिश्री, मकसूदन, कोमल, सनपत, गोविन्द तेजराराम, रेखराम, देवलाल, पतिराम, जयलाल, ओमप्रकाश धृतलहरे, अमरचंद, माधो, तुलसी, गायत्री, सेवती, कलिन्द्रि, देवनंदनी पंचायत प्रतिनिधि सरपंच, पंच, सतनामी समाज, ग्रामवासी, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रबी फसल में धान बोने पर कांग्रेस बरगला रही

भाजपा सरकार ने दो साल की बोनस दी। वहीं महिलाओं को 9 महिना से महतारी वंदना योजना दी जा रही है। जिसमें महिलाओं का विकास हो रहा है। विधायक रोहित साहू ने कहा की ये भाजपा की सरकार है विधायक को खोजने और लम्बे इंतजार करने की जरूरत नहीं है। रबी फसल में धान बोने पर कांग्रेस बरगला रही है। क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। सरपंच रोहिना होमन साहू की मांग पर 10 लाख टिना सेड की घोषणा हूई। जनसम्पर्क राशि दुजलाल सतनामी दिव्यांग 5 हजार, चित्ररेखा को 5 हजार की घोषणा की।

# जेंजरा सोसायटी के महेश बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जेंजरा गांव के लोकप्रिय युवा महेश साहू सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष बने। उन्होने ग्राम के गणमान्य नागरिको की मौजूदगी में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पहले पूजा-अर्चना किया। अध्यक्ष बनने पर महेश साहू को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गांव के गणमान्य नागरिक हेमुराम साहू, झंगुराम साहू, प्रमोद साहू, आजकुमार साहू, नेहरू साहू, राजेंद्र साहू, सोमनाथ साहू, वासुदेव साहू, विदेशराम साहू, बोधन यादव, यादराम साहू, साकेत साहू, भुवन साहू, जालम साहू, टीकाराम साहू, डॉ. दिलीप साहू, गोवर्धन साहू, श्यामसुंदर साहू, सुकालु तारक, सुखसागर यादव सहित साहू समाज के लोगो ने उन्हें बधाई दी। अध्यक्ष महेश साहू पदभार ग्रहण करने के पहले विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचे और अपने समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं के साथ फूल माला से स्वागत किया। कहा कि मुझ पर विश्वास कर जेंजरा सोसायटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है इसे मै पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और किसानो के हित में सदैव कार्य करता रहूंगा।

# चेमन बने बेलटुकरी सोसायटी के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम


पूर्व सरपंच चेमन धीवर बेलटुकरी सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष बने। उन्होने ग्राम के गणमान्य नागरिको की मौजूदगी में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पहले पूजा-अर्चना किया। अध्यक्ष बनने पर चेमन धीवर को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गांव के गणमान्य नागरिको तथा धीवर समाज के लोगो ने उन्हें बधाई दी।

# भाजपा सरकार में नहीं होगी किसानों को किसी प्रकार की समस्या : पूर्व सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र के कृषि शाखा सहकारी समिति मर्यादित लोहरसी का भारतीय जनता पार्टी के अनुमोदन से राज्य शासन द्वारा धनीराम साहू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिसका शपथ ग्रहण समारोह पंजीयन क्रमांक 461 धान खरीदी मंडी परिसर में रविवार को सुबह 11 बजे रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू विशिष्ट अतिथि मेंघवानी, मनीराम साहू, मोहनलाल साहू सरपंच, महामंत्री चंदन साहू, अध्यक्षता जनपद सदस्य दीपक साहू कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प चंदन व धूप जलाकर किया गया। शपथ समारोह कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम लोहरसी, भेंडरी, रवेली, पंडितरई के ग्रामीण व किसान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा की सरकार किसान हितौसी सरकार है, और सभी किसानों को पर्याप्त रूप से धान का कट्टा उचित सुविधाएं अधिकारी कर्मचारी द्वारा दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की कोई समस्या यदि किसान को होती है तो वह तुरंत मंडी के अधिकारी कर्मचारी से मिले और अपनी समस्या को रखें। किसी दूसरे के बहकावे में ना आए मंडी को सुचारू रूप से चलाया जाएगा और सभी किसान एक होकर भाईचारा का परिचय भी दें और सही व सुख धान लेकर आए। दीपक साहू ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या भाजपा सरकार में नहीं होगा। सत प्रतिशत किसानों का ख्याल रखा जाएगा और किसी भी प्रकार की समस्या किसानों को हो उसका भी निराकरण तत्काल किया जाएगा। भाजपा की सरकार 3100 में किसानों का धान खरीदेगा जिसमें 2300 दिया जाएगा। बाकी राशि को बोनस में दिया जाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष धनीराम साहू ने कहा की दायित्व मुझे दिया गया है उसको पूरी निष्ठा और लगन के साथ पूरा करूंगा, और हमारे किसान भाइयों कभी समस्या होगा उसको निराकरण करने का प्रयास करूंगा। इस दौरान चंदूलाल साहू, मेंघवाणी, मनीराम साहू, धनीराम साहू, दीपक साहू, चंदन साहू, पोखन साहू, मोहन साहू, आनंद साहू, लखन साहू, पोषण साहू, लतेल यादव, लीलाराम साहू, दाऊलाल साहू, सोमनाथ साहू, धनजय साहू, पुरषोतम साहू, दिलीप शर्मा, मोहन ढीढी, भागवत डहरिया, गोपी ध्रुव, ईश्वरी पटेल, व्यवस्थापक संतोष साहू, शेखर साहू, युगल पटेल, रूपुसुधन निर्मलकर, पोखराज साहू मौजूद रहे।




### धनीराम बने लोहरसी सोसायटी के अध्यक्ष

# महाराष्ट्र में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

महाराष्ट्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ छत्तीसगढ उपचुनाव में भी भाजपा के जबरदस्त जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मैनपुर में जमकर खुशिया मनाई। भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने कहा कि देशभर में जिस तरह भाजपा को शानदार जीत मिल रही है, उससे एक बार और स्पष्ट हुआ है कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी का करिश्मा आज भी जनता के सर पर चढ़कर बोल रहा है।



भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनिल सोनी भारी बहुमत से जीत दर्ज कराए हैं। सुशासन स्थापित करने की रफ्तार और तेज होगी प्रदेश विकास की तेज गति के साथ आगे बढेगा। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप ने कहा कि रायपुर दक्षिण की जनता ने एक बार फिर कांग्रेस को करारा जवाब दिया है। विष्णुदेव सरकार के पिछले 11 महिने के विकास कार्यो को देखा है जिस तेज गति से प्रदेश में विकास हो रहा है निश्चित रूप से इसका लाभ चुनाव परिणाम के रूप में सामने आया है।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदनी नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मांर्गदर्शन में देश के विभिन्न राज्यों मे लगातार कमल खिल रहा है। यह जनता का भाजपा पर अटुट विश्वास है।

# श्रीरामलला दर्शन के लिए मैनपुर से 13 श्रद्धालु रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण योजना श्रीरामलला अध्योया दर्शन के लिए रविवार को मैनपुर से 13 लोग रवाना हुए। इसके पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से हरीश यादव, नकुलराम, परमांनद पटेल, मेहत्तर, बल्दुराम, देवकी बाई, धनमोतिन, परमिला पटेल, कुन्ही बाई, परमा बाई, अनुराधा, देवली बाई सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# महतारी वंदन से मिले पैसों से बेटे के लिए वंदना ने खरीदा सोने का लॉकेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम लादाबाहरा की मालती नेताम पति बासु नेताम की इच्छा थी कि वे अपने नतनीन के गले में सोने का छोटा सा ही सही एक लॉकेट जरूर पहनाएं, लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वह अपनी इच्छा पूरी ही नहीं कर पा रही थी। मालती ने कुछ रूपए बचत कर जोड़े जरूर थे, लेकिन वह इतनी राशि नहीं थी कि उससे उसका लॉकेट आ जाए। इसी बीच प्रदेश सरकार द्वारा जब महतारी वंदन योजना लागू की गई तो वंदना की मानों किस्मत खुल गई। अपना नाम जोड़वाने के बाद वंदना के बैंक खाते में भी एक हजार की राशि प्राप्त होने लगी। उन्होंने कुछ महीनों की राशि को जमा कर इतने रूपये जोड़ लिए कि बच्चे के गले का लॉकेट आ जाए। आखिरकार वंदना ने गांव के बाजार में जाकर सुनार से लॉकेट बनवाकर अपने बच्चे के गले में पहनाई। श्रीमती नेताम ने बताया कि महतारी वंदन योजना के लागू होने से हम महिलाओं को हर महीने एक हजार रूपये मिल जाता है। यह हमारे बहुत काम की राशि होती है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक हजार की रकम बड़ी राशि होती है। उन्होंने बताया कि पति की कमाई से घर का खर्च चल पाता है। रसेला के साप्ताहिक बाजार में अपने बच्चे के लिए लॉकेट खरीदने आई मालती नेताम ने योजना को लेकर खुशी जताई और इस राशि का आने वाले समय में सदुपयोग करने की बात कही। गौरतलब है कि महिलाओं के स्वाभिमान और सम्मान के प्रतीक के रूप में महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू की है। इससे महिलाओं में एक नया आत्मविश्वास जगा है और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। महतारी वंदन योजना के तहत राज्य में विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपए प्रतिमाह कुल 12,000 रुपए सालाना वित्तीय सहायता दी जा रही है, जो प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। महिलाएं खुश है कि वो महतारी वंदन योजना से मिली राशि से अपने बच्चों और परिवार की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर पा रहीं हैं।

# पं. जामगांव में मितानीनों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्राम पंचायत जामगांव में मितानिन दिवस पर ग्राम के मितानीनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मितानिनों का साड़ी और श्रीफल भेंट किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सरपंच अरुण सिन्हा ने कहा कि ग्राम की मितानिन बहने कम मानदेय में भी हमारे ग्राम मे स्वच्छता से लेकर लोगों के स्वास्थ की निगरानी का कार्य पूरी जिम्मेदारी से वहन करती हैं। टीकाकरण से लेकर गर्भवती माताओं की जांच अस्पताल मे कराती है जो प्रशंसनीय है। इस अवसर पर ग्राम पचायत के सचिव गौकरण साहू, पंच ओंकार साहू, हेमलाल सिन्हा, महेंद्र सिन्हा, दशोदा साहू, मुकेश ध्रुव, फुलेश्वरी ध्रुव, जानकी कोसरे, सोहद्रा विश्वकर्मा, यशोदा साहू, गीता साहू, भगेलू राम साहू, पंचराम निषाद, मंगतू राम साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।



